हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 12 दिसंबर, 2025

तापमान
अधिकतम 24.0 डिग्री
न्यूनतम 10.0 डिग्री

12 विवाह में स्टील के बर्तन व मेलामाइन क्रॉकरी का प्रयोग कर बनाया कीर्तिमान



12 साइबर युग में महिलाओं के लिए जागरूकता जरूरी



## खबर संक्षेप

### आभूषण और नकदी चोरी के मामले में एक गिरफ्तार

**हिसार।** आजाद नगर थाना पुलिस ने आभूषण और नकदी चोरी के मामले में एक आरोपी मंगाली झारा निवासी पवन कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से आभूषण सहित नकदी बरामद की है। जांच अधिकारी मुख्य सिपाही संदीप ने बताया कि इस संबंध में 9 दिसंबर को अमरदीप कॉलोनी निवासी कांता ने उसके घर से सोने के बाली, तबीजी और 10 हजार रुपये चोरी होने के बारे में शिकायत दी थी। इस पर केस दर्ज करके छानबीन करते हुए पुलिस ने उक्त आरोपी पवन कुमार को गिरफ्तार किया है।

### मजदूर दिलखुश हत्या मामले में एक और काबू

**नारनौंद।** थाना बास पुलिस ने बिहार के चंदैल व हाल बास निवासी दिलखुश मुखिया की हत्या मामले में दूसरे आरोपी बिहार के सुपोल जिला के गांव सिमरोहा निवासी टाइल मुखिया को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर योगेन्द्र कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपी ने अपने दोस्त के साथ मिलकर दिलखुश को ज्यादा शराब पिला कर तार से उसका गला घोंटकर उसकी हत्या करने के बाद शव को ठिकाने लगाने के लिए सुन्दर ब्रांच नहर में फैंक कर आने में मदद की थी।

### हेरोइन सहित एक पकड़ा 26.260 ग्राम हेरोइन बरामद

**आदमपुर।** पुलिस की नशा निरोधक टीम ने आदमपुर क्षेत्र के भाना–सारंगपुर रोड क्षेत्र से एक व्यक्ति को काबू कर उसके कब्जे से 26.260 ग्राम हेरोइन बरामद की है। टीम प्रभारी उप-निरीक्षक इंदर सिंह ने बताया कि गश्त के दौरान प्राप्त गुप्त सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी और एक संदिग्ध व्यक्ति को काबू किया। पूछताछ में उसने अपना नाम अमित कुमार उर्फ रावण बताया।

### अग्रोहा में हेरोइन सहित एक आरोपी दबोचा

**हिसार।** अग्रोहा पुलिस ने गांव अग्रोहा से एक व्यक्ति को काबू कर 5.29 ग्राम हेरोइन बरामद की है। उप निरीक्षक रामफल ने बताया कि पुलिस टीम ने गश्त के दौरान सूचना के आधार पर गांव अग्रोहा शमशान घाट के पास से एक व्यक्ति को काबू किया। पूछताछ में उसने अपना नाम अग्रोहा गांव निवासी अजय बताया। तलाशी लेने पर अजय के कब्जे से एक पॉलीथिन की थैली में 5.29 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

### बाइक चोरी मामले में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**हांसी।** थाना शहर हांसी पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी मामले में दूसरे आरोपी पटेल नगर निवासी सागर को गिरफ्तार किया है। बस स्टैंड पुलिस चौकी इंचार्ज एसआई जोगेंद्र कुमार ने बताया कि आरोपी ने 9 जून को अपने दोस्त के साथ मिलकर बस स्टैंड के सामने पार्किंग में खड़ी मोटरसाइकिल चोरी की थी।

### निगम की टीम ने शहर से हटाया अतिक्रमण

**हिसार।** नगर निगम की तहबाजारी टीम लगातार अतिक्रमण हटाने कार्य कर रही है। जेई राजकुमार ने बताया कि गुरुवार को कैमरी रोड से अतिक्रमण हटाया। सीएम विंडो की शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए रेड स्क्वेयर मार्केट के बरामदों से अतिक्रमण हटाया। कैमरी रोड पेट्रोल पंप और नाले के पास की सीएम विंडो की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाया गया।

### सीएम विंडो शिकायतों की हुई सुनवाई

हिसार। नगर निगम से संबंधित सीएम विंडो की शिकायतों की सुनवाई गुरुवार को नगर निगम के मुख्य सभागार में की गई। सुनवाई की अध्यक्षता अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल ने की। इस दौरान अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा, एक्सईएन अमित कौशिक, एमई अमित बेरवाल, जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्य लोकेश असीजा और संबंधित जेई आदि मौजूद रहे।

## चेयरपर्सन रेनू भाटिया बोली, कॉलेज का नाम खुशी, लेकिन व्यवस्था कुछ नहीं

# खुशी नर्सिंग कॉलेज में व्यवस्था जेल के कमरों से भी बदतर, प्रबंधन तलब







**नारनौंद।** कागसर के नर्सिंग कॉलेज पहुंची महिला आयोग चेयरपर्सन रेनू भाटिया व कागसर के नर्सिंग कॉलेज में छात्राओं से बातचीत करती महिला आयोग चेयरपर्सन रेनू भाटिया। *फोटो: हरिभूमि*

खुशी नर्सिंग कॉलेज के दौरे पर पहुंची महिला आयोग चेयरपर्सन, हॉस्टल का किया दौरा, व्यवस्था से नाराज नजर आई, आज महिला आयोग चेयरपर्सन के समक्ष पेश होंगी कॉलेज की छात्राएं व मैनेजमेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौंद

क्षेत्र के गांव कागसर में खुशी नर्सिंग कॉलेज में छात्राओं की फीस बढ़ाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया भी गुरुवार को कॉलेज पहुंची और छात्राओं से बातचीत कर हॉस्टल की चेकिंग की। कॉलेज में सुविधाओं के नाम पर वह नाराज नजर आई। बोली, इस कॉलेज का नाम खुशी जरूर है लेकिन जेल में रहने वाली महिलाओं के कमरे भी इस हॉस्टल के कमरों से अच्छे हैं। शुक्रवार को कॉलेज की छात्राएं और कॉलेज की मैनेजमेंट को हिसार बुलाया गया है। नारनौंद क्षेत्र के गांव कागसर के खुशी नर्सिंग कॉलेज का विवाद महिला आयोग में चला गया है। आयोग की तरफ से नोटिस जारी करके शुक्रवार को हिसार में पेश होने के लिए आदेश दिए गए थे लेकिन उससे एक दिन पहले ही महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया अचानक से कॉलेज में पहुंच गई।

### छात्राओं ने आयोग को दिखाई कुछ वीडियो

*लड़कियों ने कुछ वीडियो दिखाई है जिसमें पार्टी के नाम पर बिना मतबल के आने के लिए कहा जाता था। रेनू भाटिया ने बताया कि लड़कियों की समस्या सुन ली गई है। शुक्रवार को हिसार बुलाया गया है, जो भी लड़कियां आना चाहोगी उनके लिए ट्रांसपोर्ट भी उपलब्ध करवाई जाएगी। जो इस मामले में सही होगा वह सही है और जो गलत होगा वह गलत है। निष्पक्ष तरीके से कार्रवाई की जाएगी।*

### चेयरपर्सन ने एक घंटे तक छात्राओं की सुनी शिकायतें

सबसे पहले उन्होंने कॉलेज की सभी छात्राओं से बातचीत की। उसके बाद कॉलेज के एक बड़े हाल में छात्राओं को बैठाया और प्रशासन के अलावा सभी को वहां से बाहर भेज दिया गया। करीब एक घंटे तक उनकी शिकायतें सुनी और उसके बाद हॉस्टल का अन्य महिला अधिकारियों के साथ दौरा कर एक-एक चीज को बारीकी से देखा।

### शौचालय में नहीं नल पानी की भी कमी

उन्होंने बताया कि कॉलेज में छात्राओं को कोई सुविधा उपलब्ध नहीं करवाई जा रही। जेल के कमरे हॉस्टल के कमरों से अच्छे हैं। शौचालय में नल नहीं है पानी की कमी है। गर्म पानी की सुविधा भी चार दिन पहले ही उपलब्ध करवाई गई है। पीने का पानी भी साफ नहीं है। कॉलेज में रिपेयरिंग का कार्य शुरू है और जो मिस्त्री लगे हुए हैं वहां से लड़कियों के बाथरूम साफ देखे जा सकते हैं। यह बड़ी खामी है। फीमेल हॉस्टल वार्डन की आज्ञा के बिना कोई भी हॉस्टल में प्रवेश नहीं कर सकता। खाना भी सही तरीके नहीं बनाया जाता।

## किन्नरों के दो गुट फिर टकराए, एक दूसरे पर जड़े हमला करवाने के आरोप

- शहर में कई बार सामने आए बधाई मांगने को लेकर किन्नरों में विवाद



**हिसार।** झगडे में एक गुट की गाड़ी का तोड़ा गया शीशा। *फोटो: हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

जिले के विभिन्न क्षेत्रों में किन्नरों के बीच बधाई मांगने के मसले पर विवाद बढ़ते जा रही है। पिछले कुछ दिनों से इस तरह के अनेक मामले सामने आ चुके हैं। ताजा मामले में यहां किन्नरों के दो गुट आपस में भिड़ गए हैं। एक गुट ने दूसरे गुट पर मारपीट और जानलेवा हमला करने के आरोप लगाए हैं। पूरे मामले का विवाद थाने तक पहुंच गया। शहर पुलिस मामले की जांच में जुटी है। बताया जा रहा है कि शहर के भारत नगर में किन्नरों के दो गुट टकरा गए। यहां एक गुट के किन्नर बधाई मांगने पहुंचे थे, तभी दूसरे गुट को इसकी भनक लग गई और वो तीन गाड़ियों में भरकर वहां पहुंचे। पहला गुट पहले से ही तैयारी में बैठा था। इसी दौरान दोनों पक्ष भिड़ गए। इस संघर्ष में एक गुट के गुरु बंटी महंत पर तेजधार हथियार से हमला किया गया वहीं पूर्व पार्षद शोभा नेहरू के गुट ने अपने ऊपर हमने का आरोप लगाया और कहा कि गुंडे बुलाकर उन पर हमला किया गया और उनकी गाड़ियों के शीशे तोड़कर लाठी-डंडों से हमला किया गया।

सब्जी मंडी चौकी प्रभारी बिजेंद्र ने बताया कि बंटी महाराज को नागरिक अस्पताल भर्ती करवाया गया था, मगर सही इलाज के लिए वह प्राइवेट अस्पताल चले गए। उनके बयान अभी दर्ज किए जाएंगे। अभी तक हमारे पास किसी भी गुट की कोई लिखित शिकायत नहीं आई है। शिकायत मिलने पर जांच के बाद ही आगामी कार्रवाई होगी।

## सरकारी चिकित्सकों की हड़ताल चौथे दिन भी जारी, मरीज परेशान

**हिसार।** सीनियर मेडिकल ऑफिसर की सीधी भर्ती के विरोध में हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन (एचसीएमएसए) के आह्वान पर जिले के सरकारी चिकित्सक की हड़ताल गुरुवार को चौथे दिन भी जारी रही। हड़ताल के कारण मरीजों की परेशानियों कम नहीं हो रही है। स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों द्वारा नागरिक अस्पताल में वैकल्पिक व्यवस्था भी की गई है, लेकिन मरीजों को इधर-उधर भटकने को मजबूर होना पड़ा रहा है। गुरुवार को 129 सरकारी चिकित्सक हड़ताल पर रहे। अस्पताल में करीब 1100 मरीजों की ओपीडी रही। हड़ताल के चौथे दिन 5 गर्भवती महिलाओं की ऑपरेशन से डिलीवरी तथा 8 आंखों के ऑपरेशन किए गए। आंखों के ऑपरेशन अग्रोहा मेडिकल से आए डॉक्टर के द्वारा किए गए। बता दें कि पिछले तीन दिन से नागरिक अस्पताल में आंखों के ऑपरेशन बंद पड़े थे। उधर, पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ इनेलो नेता प्रो. सम्पत सिंह नागरिक अस्पताल में पहुंचे और हड़ताल पर चल रहे सरकारी चिकित्सकों का समर्थन किया।



**हिसार।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के नेता बिजली निगम के प्रबंध निदेशक को ज्ञापन देते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

## भाकियू ने समस्याओं के लिए बिजली निगम के एमडी को ज्ञापन सौंपा

- कई बार एसडीओ को ज्ञापन देकर कार्रवाई करने का अनुरोध कर चुके

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने बिजली निगम के प्रबंध निदेशक को यूनियन के जिला अध्यक्ष सतेंद्र कोथ की अध्यक्षता में ज्ञापन देकर किसानों की विभिन्न समस्याओं का समाधान करने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि मिर्जापुर से राजपुरा भैणी रोड़ पर रोड़ के बीच में ही तीन बिजली के खंभे लगे हुए हैं, वहां पर अनेक बार दुर्घटनाएं हो चुकी है। कई बार बिजली निगम के एसडीओ को ज्ञापन देकर कार्रवाई करने का अनुरोध कर चुके हैं, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

भविष्य में भी यहां दुर्घटनाएं होने का खतरा बना हुआ है। गांव की लाइट के समय में बदलाव किया जाए। गांव की लाइट सुबह 6 बजे बंद हो जाती है, इस सर्दी के मौसम में समय बढाकर 8 बजे तक किया जाए।

ज्ञापन में आगे कहा गया है कि सर्दी के मौसम में खेतों की लाइट का समय दिन का किया जाए क्योंकि इस मौसम में रात के समय अनहोनी का खतरा बना रहता है। किसानों द्वारा ट्यूबवेल कनेक्शन की जो सिक्योरिटी भरी हुई है, उन्हें जल्द से जल्द कनेक्शन दिया जाए।

## पेट्रोल पंप से लाखों की रकम लेकर फरार हुआ मैनेजर गिरफ्तार

- पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया

**हिसार।** आर्थिक अपराधों एवं विश्वासघात से संबंधित मामलों में कार्रवाई करते हुए मंगाली चौकी पुलिस ने पेट्रोल पंप से लाखों रुपये की रकम लेकर फरार हुए आरोपी मैनेजर को गिरफ्तार किया है। मामले में जांच अधिकारी एएसआई महेंद्र सिंह ने बताया कि इस संबंध में मंगाली पुलिस चौकी में दी गई शिकायत में शिकायतकर्ता ने बताया कि उसका बी पी सी एल पेट्रोल पंप मंगाली से डाया रोड पर है। इसमें नवीन नामक व्यक्ति मैनेजर के रूप में कार्यरत था। आरोपी चारनौंद निवासी नवीन पेट्रोल पंप से एक दिन में 4 लाख रुपये तथा दो दिन पूर्व 3 लाख रुपये बैंक में जमा करवाने के लिए लेकर गया था, लेकिन उसके बाद से उसका मोबाइल फोन बंद मिला। जब वह उसके घर पहुंचे तो पाया कि आरोपी अपने परिवार सहित घर पर ताला लगाकर फरार हो गया। शिकायत में यह भी उल्लेख है कि आरोपी ने लगभग 10-12 लाख रुपये की राशि का गबन किया।

## चार साल से फरार 5 हजार रुपये का इनामी अवैध हथियार सप्लायर काबू

- ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन के तहत हांसी पुलिस ने अवैध हथियारों का कारोबार करने वालों पर कसा शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

पुलिस जिला हांसी द्वारा अवैध गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए चलाई जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन के तहत सीआईए स्टाफ हांसी पुलिस ने अवैध हथियार 1 देशी कट्टा व 3 जिन्दा कारतूस सप्लायर उत्तर प्रदेश के बासगोई हाथरस निवासी रोहित को गिरफ्तार किया गया है। मुख्य सिपाही मनोज कुमार ने बताया कि आरोपी ने कुछ दिनों पहले बोगाराम कालोनी निवासी तरुण को एक अवैध देशी कट्टा व 3 जिंदा कारतूस सप्लाई किए थे। सीआईए पुलिस ने चार साल से फरार चल रहे अवैध हथियार सप्लायर 5 हजार रुपये का इनामी उत्तर प्रदेश के अलीगढ जिले के बड़ा गांव निवासी आशीष को गिरफ्तार किया है। एएसआई नरेश कुमार ने बताया कि आरोपी ने वर्ष 2021 में अशोक उर्फ गोधू निवासी किरतान जिला हिसार को अवैध हथियार 2 देशी कट्टे व 8 कारतूस सप्लाई किए थे। आरोपी के खिलाफ थाना शहर हांसी में आर्म्स अधिनियम के तहत मामला दर्ज हुआ था। लेकिन आरोपी इस मामले में चार साल से फरार चल रहा था।



**हांसी।** चार साल से फरार इनामी बदमाश पुलिस गिरफ्त में।

### पुलिस ने की छापेमारी

पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने बताया कि पुलिस जिला हांसी की टीमों द्वारा ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन के तहत नशा करने वाले व्यक्तियों, जुआरियों, सटोरियों, असामाजिक तत्वों व आवारागर्द व्यक्तियों के अड्डों पर अचानक छापेमारी करते हुए व्यापक कॉम्बिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान गुरुवार को गांव सिसाय बोलान, गांव डाटा व गांव मसुदपूर मे अड्डों, संदिग्ध रास्तों, खाली स्थानों व खंडहरों में गहनता चेकिंग की गई।

## स्वदेशी मेला आज से कृषि मंत्री करेंगे उद्घाटन

**हिसार।** पांच दिवसीय स्वदेशी मेले के लिए हिसार का पुराना गवर्नमेंट कॉलेज मैदान सज गया है। यहां पर 100 से अधिक स्वदेशी वस्तुओं की स्टाल लगेगी और 30 से अधिक न्यू स्टार्टअप की स्टाल से दर्शकों को रूबरू होने का अवसर मिलेगा। 12 से 16 दिसंबर तक चलने वाले स्वदेशी मेले में 160 से अधिक विद्यालयों के दो हजार से अधिक विद्यार्थी, शिक्षक एवं अभिभावक हिस्सा लेंगे। स्वदेशी मेला प्रांतीय प्रमुख अनिल गोयल ने बताया कि मेले के प्रथम दिवस के उदघाटन के अवसर पर कृषि मंत्री डॉ. श्याम सिंह राणा मुख्यातिथि होंगे। इस अवसर पर हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी. आर. काम्बोज अध्यक्षता करेंगे और स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय मेला प्रमुख सचिंद्र बरियार मुख्य वक्ता होंगे। इस दौरान नलवा के विधायक रणधीर पनिहार व हांसी के विधायक विनोद भ्याणा, पूर्व विधायक भव्य बिश्नोई, जोगीराम सिहाग, अनूप धानक, गुजवि के पूर्व कुल सचिव डॉ. अविनेश वर्मा, स्वदेशी मेला स्वागत समिति अध्यक्ष कमलेश गर्ग व स्वदेशी मेला स्वागत समिति के सचिव संजय डालमिया बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहेंगे।

## 22 को एनवायरमेंट असेसमेंट इंपैक्ट सहित अन्य मुद्दों पर लिए जाएंगे आमजन के सुझाव और आपत्ति

डीसी महेंद्र पाल ने संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक ली

# हवाई अड्डा के समीप एकीकृत विनिर्माण क्लस्टर स्थापित करने की कार्ययोजना पर हुई चर्चा

- सभी तय प्रक्रियाएं नियमानुसार तथा उच्च मानकों के अनुरूप पूर्ण करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डा के समीप सरकार द्वारा एकीकृत विनिर्माण क्लस्टर स्थापित किए जाने की कार्य योजना बारे उपायुक्त महेंद्र पाल ने संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्हें अवगत करवाया गया कि एकीकृत विनिर्माण क्लस्टर स्थापित किए जाने को लेकर 22 दिसंबर को सुबह हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जनसुनवाई की जाएगी।



**हिसार।** बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते उपायुक्त महेंद्र पाल।

### लगभग 2988 एकड़ भूमि चिन्हित

इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए प्रबंधक कंवलजीत सिंह ने बताया कि एकीकृत विनिर्माण क्लस्टर के लिए लगभग 2988 एकड़ भूमि चिन्हित की गई है। पहले चरण में 1605 एकड़ भूमि को विकसित किया जाएगा। एनआईसीडीसी हरियाणा आईएमसी हिसार प्रोजेक्ट लिमिटेड केंद्र सरकार व हरियाणा सरकार का ज्वाइंट वेंचर है, जो एकीकृत विनिर्माण क्लस्टर को विकसित करने के लिए है और अमृतसर-कोलकाता औद्योगिक गलियारे का हिस्सा है।

### रोजगार के अवसर पैदा करना का टारगेट: डीसी

उपायुक्त महेंद्र पाल ने अधिकारियों को कहा कि एकीकृत विनिर्माण क्लस्टर स्थापित किए जाने का लक्ष्य औद्योगिक विकास की गति को तेज करने के साथ-साथ बड़ी संख्या में लोगों के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार पैदा करना है। इसके लिए बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदान किया जाएगा ताकि बड़ी कंपनियां यहां निवेश कर सकें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी तय प्रक्रियाएं नियमानुसार तथा उच्च मानकों के अनुरूप पूर्ण की जाएं।

MEDI CITY
MULTISPECIALITY HOSPITAL & NEURO CARE CENTER
For Excellence in Trauma, I.C.U. & General Health Care
हरियाणा सरकार एवं आयुष्मान भारत, NABH, ESIC के अंतर्गत सभी सेवाएं उपलब्ध।
अस्पताल में उपलब्ध सुविधाएं
- ब्रेन हैमरेज, दिमाग की रसौली
- कमर व गर्दन की डिस्क के ऑप्रेशन की सुविधा
- सिर की चोट • डिलीवरी व MPT की सुविधा
- जहर पीडित मरीजों के उत्तम इलाज की सुविधा
- हड्डी की टूट व हर प्रकार के ऑप्रेशन की सुविधा
- Physiotherapy & Slimming Center
- EEG • MRI Whole Body • Neuro Navigation
- RFL • 3D Spiral CT Scan, Digital X-Ray
- Ambulance की सुविधा Ventilator सहित

Dr. R. Kumar
M.S. (AIIMS, New Delhi)
M.Ch. (PGIMER, Chandigarh)

Dr. Anita Kumari
M.S. (Gyn. & Obs.)
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञा

24/7
नोट: अधरंग के मरीजों के सम्पूर्ण ईलाज के लिए लक्षण शुरू होने के 4 घंटों के अन्दर हस्पताल पहुंचे। अधरंग का टीका 4 घंटे के अन्दर ही लगाया जाता है।
SECTOR 16-17, SOUTH BY PASS, HISAR Mob.: 94160-44519, 9812019350

अमेजिंग

शिखर चंद जैन

# ये हैं दुनिया के सुपर कोल्ड प्लेसेस

बच्चो, जाड़े के मौसम में जब टेंपरेचर 5-10 डिग्री सेल्सियस के आस-पास तक पहुंच जाता है तो हमें जोरों की ठंड लगने लगती है। जरा सोचो, अगर टेंपरेचर माइनस 80-90 डिग्री सेल्सियस तक गिर जाए, तो क्या होगा? सोचकर ही कंपकंपी छूट गई न! दुनिया की कुछ ऐसी ही जगहों के बारे में हम बता रहे हैं, जहां पड़ती है कड़ाके की ठंड।





## पूर्वी अंटार्कटिक पठार अंटार्कटिका

**पूर्वी अंटार्कटिक** पठार, जिसे अंटार्कटिक पठार या किंग हाकोन सेवेन पठार भी कहा जाता है, पूर्वी अंटार्कटिका के लगभग दो-तिहाई हिस्से में फैला हुआ है। यह पृथ्वी पर सबसे ठंडा स्थान है। यहां अब तक का न्यूनतम तापमान -94.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। इसकी जलवायु अत्यधिक ठंडी और शुष्क है। यह एक विशाल महाद्वीपीय पठार है, जो लगभग 3,000 मीटर (9,800 फीट) की औसत ऊंचाई पर स्थित है। यह पठार एक मोटी, स्थाई बर्फ की चादर से ढंका हुआ है, जिसकी मोटाई कुछ जगहों पर साढ़े चार किलोमीटर तक हो सकती है। अत्यधिक ठंड के कारण यहां कोई जीव-जंतु नहीं पाए जाते हैं। यहां के कुछ तटीय क्षेत्रों को छोड़कर, वनस्पतियों के रूप में केवल लाइकेन और मॉस ही पाए जाते हैं। *

## याकुत्स्क-साइबेरिया रूस



**रूस के** साइबेरिया में स्थित याकुत्स्क शहर दिसंबर के महीने में पूरी तरह से आइसक्रीम की तरह जम जाता है। इस महीने इस शहर का तापमान -31 से -41 डिग्री सेल्सियस के बीच पहुंच जाता है। यहां महज चार घंटे के लिए सूरज की रोशनी मिलती है। याकुत्स्क को दुनिया का सबसे कम तापमान वाले शहर का खिताब मिला हुआ है। 5 फरवरी 1891 को यहां अब तक का सबसे कम तापमान -64.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। याकुत्स्क में पर्माफ्रॉस्ट का अनुभव होता है। पर्माफ्रॉस्ट का मतलब ठंडे तापमान के कारण जमीन का स्थायी रूप से जम जाना होता है। इस शहर की कुल आबादी 3 लाख 55 हजार है। *



## वोस्तोक स्टेशन अंटार्कटिका

**वोस्तोक अनुसंधान** केंद्र की स्थापना सोवियत संघ (पूर्व में रूस और कुछ अन्य देशों का संघ) ने 1957 में की थी। दक्षिणी ध्रुव पर स्थित, दक्षिणी गोलार्ध के इस क्षेत्र में जुलाई 1983 में अब तक का न्यूनतम तापमान -89.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह पृथ्वी के सबसे शुष्क स्थानों में से एक है। यहां प्रति वर्ष लगभग 20 मिलीमीटर वर्षा होती है, लेकिन यहां पानी नहीं बर्फ बरसती है। *

## क्लिंक स्टेशन ग्रीनलैंड

**क्लिंक मौसम** केंद्र, आर्कटिक सर्कल का सबसे ठंडा स्थान है। मध्य ग्रीनलैंड में स्थित क्लिंक स्टेशन में साल 1991 के दिसंबर में -69.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया, जो ओम्याकॉन के पिछले रिकॉर्ड से -2 डिग्री सेल्सियस कम है। बच्चो, चिंता की बात यह है कि अत्यधिक ठंड के बावजूद, ग्लोबल वार्मिंग के कारण ग्रीनलैंड की अधिकांश बर्फ पिघल रही है। *





## ओम्याकॉन-साइबेरिया रूस

**आर्कटिक सर्कल** के उत्तरी ध्रुव पर स्थित ओम्याकॉन पृथ्वी पर सबसे ठंडा स्थाई रूप से बसा हुआ स्थान है। 1933 में यहां का न्यूनतम तापमान -67.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। यहां सर्दियों के दौरान औसत न्यूनतम तापमान लगभग -50 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रहता है। 500 से कम आबादी वाले इस शहर में स्कूल केवल तभी बंद होते हैं, जब तापमान -55 डिग्री सेल्सियस से कम हो। यहां की अत्यधिक ठंड का एक कारण यह है कि यहां की पहाड़ियां ठंडी हवा को अंदर आने देती हैं और गर्म हवा को बाहर रखती हैं। इसके अतिरिक्त, दिन के समय यहां बहुत कम उजाला रहता है, जिससे तापमान और भी गिर जाता है। *

## एमंडसन-स्कॉट स्टेशन अंटार्कटिका

दक्षिणी ध्रुव पर स्थित, एमंडसन-स्कॉट स्टेशन 1956 में बनाया गया था। यहां गर्मियों में छह महीने धूप और सर्दियों में छह महीने पूरी तरह अंधकार



रहता है। पूर्वी अंटार्कटिक पठार के इस हिस्से में जून 1982 में सबसे कम तापमान -82.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। इस स्टेशन का औसत वार्षिक तापमान लगभग -49.4 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रहता है। यह दुनिया के सबसे दक्षिणी अनुसंधान केंद्रों में से एक है, जो अंटार्कटिका के ठंडे वातावरण में वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में कार्य करता है। यहां खगोल विज्ञान, भूकंप विज्ञान और जलवायु परिवर्तन जैसे विविध विषयों पर शोध किए जाते हैं। *

# न ही नीला, न ही गाय फिर क्यों कहते हैं नीलगाय?

बच्चो, नीलगाय का नाम सुनकर ऐसा लगता है जैसे, यह कोई ऐसी गाय होगी, जिसका रंग नीला होता होगा। या नीले रंग की गाय होती होगी। लेकिन ऐसा नहीं है! जानो, नीलगाय के बारे में कुछ बातें।



जीव जंतु

नयनतारा

बच्चो, नीलगाय एक ऐसा जानवर है, जिसका नाम उसके गुणों से मेल नहीं खाता। नीलगाय न तो नीला होता है और न ही यह गाय है। तो फिर इस पशु को नीलगाय क्यों कहते हैं? क्या हैं इसकी शारीरिक विशेषताएं, जानो।



**रंग अलग-रूप अलग:** नीलगाय के शारीरिक रंग की बात करें तो इसका रंग इसके नाम के अनुरूप नीला नहीं, बल्कि स्लेटी या धूसर होता है। दूसरी बात कि यह गाय जैसा नहीं बल्कि घोड़े की तरह दिखाई देता है। हालांकि यह घोड़े की तरह तेज नहीं दौड़ पाता। ऐसा इसलिए, क्योंकि नीलगाय का पिछला हिस्सा अगले हिस्से से कम ऊंचा होता है।

**नीलगाय नाम क्यों पड़ा:** बच्चो, तुम सोच रहे होगे कि कलर और शारीरिक संरचना में इतना अंतर होने के बावजूद इसका नाम 'नीलगाय' क्यों पड़ा? दरअसल, इसका स्लेटी या धूसर रंग दूर से देखने पर 'नीला' दिखाई देता है। रंग की बात समझने के बाद अब यह भी जान लो कि इसके नाम में 'गाय' क्यों जोड़ा गया? इसका कारण यह है कि मादा नीलगाय अपने भूरे रंग के कारण गाय की तरह दिखती है। इन्हीं दो कारणों से इसे नीलगाय कहा जाता है। वैसे वैज्ञानिक तौर पर इसे हिरण परिवार का सदस्य माना जाता है।

**क्या नीलगाय हिंसक होता है:** बच्चो, हर जीव-जंतु की अपनी एक विशेषता होती है। कुछ काफी खतरनाक होते हैं, तो कुछ का स्वभाव बेहद शांत होता है। नीलगाय की बात करें, तो यह आमतौर से शांत स्वभाव का पशु है। लेकिन इसे छेड़ने पर यह घोड़े की तरह दुलत्ती भी मार सकता है। वैसे, नीलगाय दूर से देखने में बहुत ही प्यारा लगता है। *

तुम्हारे लिए नई किताब / अनुराग मनींद्र

## बाल गीतों का मनभावन संग्रह

बच्चो, हाल ही में तुम्हारे लिए शिशु और बाल गीतों का एक प्यारा-सा संग्रह आया है, नाम है-कुहू। इसके रचनाकार हैं राजा चौरसिया। इस संग्रह में कुल 40 गीत संकलित हैं। इस संग्रह में गीतों का संकलन कुछ ऐसा है कि इसे पढ़-सुनकर हर उम्र के बच्चे को आनंद आएगा। इसमें अलग-अलग विषयों पर गीत हैं। 'कुहू', 'बंदर और बंदरिया', 'गोलू और गधा', 'तुलसी', 'भूमि की महिमा', 'ज्ञान और विज्ञान', 'ओ पापा!', 'मम्मी ने कहा', 'ओ मेरी नानी!', 'दादा जी', 'हम', 'होली आई रे!', 'उत्सवी उत्साह' जैसे गीत तुम्हें खूब भाएंगे। इनमें से कुछ में तुम्हें प्रकृति और पर्व-त्योहार की झलक मिलेगी। कुछ गीत तुम्हें प्यारी-सी सीख भी देंगे। संग्रह में 'कुहू' जैसे कुछ गीत बहुत ही छोटे हैं तो 'बचपन के दिन : ताक-धिनाधिन' जैसे थोड़े बड़े गीत भी हैं। इन गीतों को पढ़कर, गुनगुनाकर, अपने छोटे भाई-बहनों को सुनाकर तुम्हें बहुत मजा आएगा। इस संकलन में बाल गीतों के साथ उनसे मेल खाते सुंदर और मोहक चित्र भी छपे हैं। *




**किताब:** कुहू (शिशु एवं बाल गीत), **लेखक:** राजा चौरसिया, **मूल्य:** 125 रुपए, **प्रकाशक:** पाथेय प्रकाशन, जबलपुर

## बूझो तो जानें





1
कांच के लेंस में मैं बैठा हूं
दूर को पास दिखाता हूं।
गगन, चंद्रमा,नक्षत्रों के
गुप्त रहस्य बताता हूं।

2
न जल हूं, न कोई धार
फिर भी बहती हर घर-बार।
चमक दिखाऊं, काम कराऊं
मुझसे चलें मशीन हजार।

3
आंखों को न दिखाई देती
रहूं रात-दिन सबके पास।
पेड़ों की पत्तियां हिलाती
मुझसे ही लेते सब श्वास।

- गौरीशंकर वैश्य विनम्र

उत्तर : 1.दूरबीन, 2.बिजली, 3.हवा



## जीके क्विज-183

1. वर्ष 2030 का कॉमनवेल्थ गेम्स भारत के किस राज्य में आयोजित किया जाएगा?
2. मध्यप्रदेश के वर्तमान राज्यपाल कौन हैं?
3. चींटियों के काटने से किस एसिड के कारण जलन होती है?
4. फिडे वर्ल्ड कप का संबंध किस खेल से है?
5. दुनिया में सबसे अधिक ज्वालामुखी (वॉल्केनो) वाला देश कौन-सा है?
6. एफिल टॉवर किस शहर में स्थित है?
7. स्वतंत्र भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री कौन थे?
8. सुभाष चंद्र बोस को सबसे पहले 'नेताजी' किसने कहा था?
9. मिट्टी का अध्ययन क्या कहलाता है?
10. वायुमंडल में कौन-सी गैस सर्वाधिक पाई जाती है?



बच्चो, जीके क्विज-183 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-182 का उत्तर :** 1. गुरु तेग बहादुर, 2. लक्ष्य सेन, 3. आरिफ मोहम्मद खान, 4.तिरुवनंतपुरम, 5. हरिवंश राय बच्चन, 6.प्रोपेन और ब्यूटेन, 7.विटामिन-डी, 8.नेपाल, 9.ऑस्ट्रेलिया, 10.सहारा

**जीके क्विज-182 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, ओमदेव-मुंगेली, शुभम-बलौदा बाजार, गुंजा-रायपुर, ज्योति-बैकुंठपुर, कनिका-रायपुर, अमन-दुर्ग, विकास-रोहतक, कार्तिक-महासमुंद, प्रवीण-बिलासपुर, रजत-भोपाल




कहानी

अंजना मनोज गर्ग

ठिठुरती सर्दी में गोलू रजाई में मुंह ढंके लेटा था। उसका स्कूल जाने का जरा भी मन नहीं था। तभी उसे लगा, उसकी रजाई उससे स्कूल जाने के लिए बोल रही है। गोलू को आश्चर्य हुआ कि रजाई बोल भी सकती है! क्या रजाई सचमुच गोलू से कुछ बोल रही थी, कोई सीख दे रही थी? पढ़ो, मजेदार कहानी।

# रजाई की सीख



एआई इमेज

सुबह के सात बज गए थे। गोलू था कि रजाई में से निकलने का नाम ही नहीं ले रहा था। मम्मी, रसोई में खाना बनाते हुए उसे जगाने के लिए बार-बार आवाज लगा रही थीं, लेकिन उसका रजाई से बाहर निकलने का मन नहीं हो रहा था। बाहर बहुत तेज सर्दी थी। उसके लिए स्कूल जाना और भी कठिन था।

'मम्मी अभी आएंगी, मीठी-मीठी बातें करेंगी और झट से रजाई हटाकर मुझे तैयार करके स्कूल भेज देंगी। उफ! इतनी सर्दी है, मैं स्कूल नहीं जाऊंगा।' गोलू रजाई के भीतर मन ही मन बुदबुदाया।

'क्या बुदबुदा रहे हो गोलू?' एक आवाज आई।

'हुं..ह.. कौन!' एकदम से आई आवाज से गोलू चौंका। उसने रजाई से सिर बाहर निकाल कर देखा, बाहर कोई नहीं था।

'अरे! बाहर क्या देख रहे हो गोलू? मैं यहां तुम्हारी रजाई बोल रही हूं।' हंसती हुई रजाई कुछ फैल गई।

गोलू सकपकाया, धीमे से बोला, 'तुम बोलती भी हो!'

'हां, मुझे बोलना पड़ता है, जब गोलू जैसे बच्चे मेरा गलत फायदा उठाते हैं।' रजाई प्यार से बोली।

'अरे, मैंने क्या गलत फायदा उठाया तुम्हारा?' गोलू ने चिढ़ते हुए रजाई से पूछा। 'देखो तो दिन चढ़ आया है। तुम्हारे स्कूल जाने का समय भी हो रहा है। तुम्हारी मम्मी तुम्हें जगाने के लिए कितनी देर से आवाज लगा रही हैं, लेकिन तुम हो कि मुझे छोड़ना ही नहीं चाहते हो।' रजाई बोली।

'सर्दी कितनी तेज है, ऐसे में स्कूल कैसे जाऊं? तुम्हीं बताओ रजाई।' गोलू ने अपनी बात रखी।

'ओह तो ये बात है! अच्छा गोलू, एक बात बताओ, अगर मम्मी भी सर्दी में मुझमें दुबकी रहें, पापा भी ऑफिस न जाएं और दूध वाला, सब्जी वाला, अखबार वाला और भी सभी लोग मुझमें यह सोचकर दुबके रहें-भई सर्दी बहुत ज्यादा है, हम कोई काम नहीं करेंगे, फिर?' रजाई ने गोलू से सवाल किया।

'अरे! रजाई, अगर मम्मी खाना नहीं बनाएंगी तो मैं, छोटी, पापा सब भूखे रह जाएंगे न।' नन्हे गोलू का ध्यान किसी में नहीं बस मम्मी पर ही अटका था।

गोलू की इस मासूमियत पर रजाई जोर से हंस पड़ी, उसने पूछा, 'और बाकी सब?'

'वो तो उनके अपने काम हैं, उनको तो करने ही हैं। लेकिन मैं तो अभी छोटा हूं न!' गोलू मुंह बना कर बोला।

'छोटे हो, तभी तो तुम्हें केवल एक ही काम करना है, स्कूल जाकर पढ़ाई। बाकी सारे काम तुम्हारे मम्मी-पापा कर ही रहे हैं।' रजाई ने गोलू से कहा।

'हां! अब मैं समझ गया, रजाई।' सिर झुकाए-झुकाए गोलू बोला।

'क्या समझे?' रजाई ने मुस्कुराते हुए जानना चाहा।

'यही कि मुझे रोजाना समय पर तैयार होकर स्कूल जाना चाहिए, चाहे कितनी ही सर्दी हो।' गोलू उत्साह से बोला।

'हां, वेरी गुड! तो अब पहला काम तुम्हें क्या करना है?' रजाई ने गोलू का मन टटोला।

गोलू तुरंत बोला, 'मुझे अभी आपको छोड़कर स्कूल जाना होगा, लेकिन इतनी सर्दी...!'

'तो मैं हूं ना, जब तुम स्कूल से आओगे तो मैं अपनी गर्म-गर्म गोद में तुम्हें फिर से समेट लूंगी, मेरे प्यारे गोलू।' गोलू की बात पूरी होने से पहले ही रजाई बोल पड़ी।

तभी गोलू ने जैसे ही रजाई से सिर निकाला तो पाया कि मम्मी उसे जगा ही रही हैं।

'ओह, तो यह मैं सपना देख रहा था! लेकिन कुछ भी हो, रजाई ने सीख अच्छी दी।' गोलू मन ही मन बोला।

गोलू स्कूल के लिए तैयार हुआ तो बेड पर तह बनी रजाई उसे दिखाई दी। उसे लगा, स्कूल के लिए तैयार होते देखकर रजाई मुस्कुरा रही है। *

कविता

मीरा सिंह 'मीरा'



## लाल परी

सपने में मिलने आई कल
प्यारी एक परी।
सुंदर-सुंदर पंखों वाली
लेकर हाथ छड़ी।।
पूछा मैंने नाम बताओ
बोली लाल परी।
लाल रंग के कपड़े पहनी
आंखें बड़ी-बड़ी।।
कानों में हंसकर वह बोली
बाहर तो निकलो।
परी लोक की सैर कराऊं
तुम भी साथ चलो।।
उड़ती-उड़ती जा पहुंची कल
परी लोक सच में।
पेड़ लगे थे चॉकलेट के
बागों में कितने।।

## रंग भरो-191

**रंग भरो-191** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





आन्या, दुर्ग



आशना, जांजगीर



अनन्या, महासमुंद



अंकित, धमतरी



अवनी, रायपुर



पयोनिधि, अंबिकापुर

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**

डॉली-दुर्ग, प्रियंका-रायपुर, रितेश-मटियारी, डॉली-मटियारी, समृद्धि-शहडोल, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, सोनम-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, अंकुश-करनाल, तुषार-बिलासपुर, हर्षिता-कोरबा

## रंग भरो 192



बच्चो, यहां अपने क्यूट-से टेडी बियर को गोद में लेकर बैठी एक लड़की का प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप



### डेरा बाबा भूमणशाह में संपन्न हुई साधु दीक्षा

**सिरसा।** डेरा बाबा भूमणशाह में साधु दीक्षा समारोह गद्दीनशीन बाबा ब्रह्मदास के पावन सान्निध्य में हुआ। इस आयोजन में काफी संख्या में लोगों व साधु-संतों ने भाग लिया। डेरे में सेवारत संदीप कुमार निवासी खुइयां सरवर, फाजिल्का, जितेंद्र कुमार निवासी संगर सरिस्ता तथा सुरेंद्र कुमार निवासी पिंड चक मानेवाला तहसील जलालाबाद जिला फाजिल्का ने पूर्ण साधु बनकर तपस्वी जीवन जीने की इच्छा बाबा ब्रह्मदास के सामने जताई। उन्होंने डेरा बाबा भूमण शाह में रहकर उदासीन बाबा भूमण शाह की शिक्षाओं, उदासी संप्रदाय की मर्यादाओं, नियमों व शर्तों का पालन करने का संकल्प लिया।

### तामसुपरा पहुंची नशा मुक्ति टीम

**फतेहाबाद।** जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत नशामुक्ति टीम आज गांव तामसपुरा पहुंची। थाना एंटी-नारकोटिक्स सेल फतेहाबाद के एसआई सुंदर के नेतृत्व में नशा मुक्ति टीम ने जिले जागरूकता, काउंसलिंग और पुनर्वास से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों को अंजाम दिया। नशा मुक्ति टीम ने गांव तामसपुरा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें ग्रामीणों को नशीले पदार्थों के दुष्प्रभाव, उपचार व्यवस्था और सरकारी पुनर्वास सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

### भाजपा के पास उपलब्धियों के नाम पर कुछ नहीं

**सिरसा।** प्रदेश युवा कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहित शर्मा ने कहा कि भाजपा के लोगों ने आम जनता को गुमराह करके वोट हथियाए लेकिन 11 साल बाद भी सरकार के पास उपलब्धियों के नाम पर कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि जारी बयान में आज पूरे देश-प्रदेश में भाजपा के खिलाफ लोग लामबंद हो रहे हैं। भाजपा सरकार जनता का भरोसा पूरी तरह खो चुकी है। हर वर्ग भाजपा के शासन में हताश और निराश है। लोग इस दिन विरोधी सरकार से छुटकारा पाने को बेताब हैं। मोहित ने कहा कि भाजपा शासन में विकास सिर्फ कागजों में ही दिखाई देता है।

## विद्यार्थियों ने शहर में साइकिल रैली निकाली

# लिंग आधारित हिंसा व बाल विवाह रोकथाम के लिए किया जागरूक



सिरसा। साइकिल रैली निकालते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिरसा

■ घरेलू हिंसा, साइबर अपराध, दहेज प्रथा, बाल विवाह, गुड टच बैड टच आदि विषयों पर छात्रों को किया जागरूक

नेशनल कॉलेज ऑफ एजुकेशन के वूमेन सैल ने 'जैंडर आधारित हिंसा' व बाल विवाह रोकथाम के लिए सोलह दिवसीय जागरूकता अभियान चलाया।

प्राचार्या डॉ. पूनम मिगलानी ने बताया कि इस अभियान के तहत व्याख्यान, पोस्टर, विभिन्न स्थानों पर रैली, मानव श्रृखंला, शपथ ग्रहण डोर-टू-डोर जागरूकता इत्यादि विभिन्न गतिविधियां करवाई गई। जैंडर आधारित हिंसा और बाल विवाह रोकथाम विषय पर विद्यार्थियों ने विभिन्न विद्यालयों में जाकर अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने घरेलू हिंसा, साइबर अपराध, दहेज प्रथा, बाल विवाह, गुड टच बैड टच और महिला अधिकारों सबंधित विषयों के प्रति छात्र-छात्राओं को जागरूक किया।

इस अभियान के दौरान महाविद्यालय द्वारा विभिन्न-विभिन्न जगहों जैसे शहर, झूग्गी-झोपडियों, स्थानीय इलाकों में जागरूकता रैली निकाली गई। इस रैली में छात्राध्यापकों ने बाल विवाह बंद करो, पढना-लिखना हर बच्चे का अधिकार बच्चे सुरक्षित, देश सुरक्षित, मैं बाल विवाह के खिलाफ हूँ इत्यादि नारों, पोस्टरों, तख्तियों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। इसी कड़ी में डोक्यूमेंटरी के माध्यम से इन सामाजिक बुराईयों के उन्मूलन के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता पर बल दिया। इसके पश्चात डोर-टू-डोर जागरूकता अभियान और मानव श्रृंखला द्वारा भी लोगों को महिलाओं के प्रति हिंसा की पर्याप्त जानकारी दी गई और बाल विवाह के रोकने से संबंधित सरकारी सहायता सेवाओं की जानकारी दी गई।

### टिब्बी में निकाली जागरूकता रैली, बाल विवाह रोकने का संदेश दिया

**सुपरवाइजर स्वीटी ने किया रैली का नेतृत्व**

**भूना।** बाल-विवाह मुक्त जन जागरूकता अभियान के तहत गुरुवार को गांव टिब्बी में महिला एवं बाल विकास विभाग भूना की ओर से रैली निकालकर ग्रामीणों को बाल विवाह के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। रैली का नेतृत्व विभाग की सुपरवाइजर स्वीटी ने किया। उन्होंने ग्रामीणों को बाल विवाह के नुकसान और इससे जुड़ी कानूनी धाराओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। रैली की शुरुआत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और ग्रामीण महिलाओं की उपस्थिति में हुई। जागरूकता रैली के दौरान महिलाओं और बच्चियों ने कम उम्र में न करो शादी-यह है जीवन की बर्बादी, घर-घर शिक्षा दीप जलाएं, बाल विवाह बंद करवाएं,अभी है उसकी पढने की उम्र, शादी करके न करो जुल्म जैसे नारे लगाकर माहौल को जागरूकता संदेशों से भर दिया। सुपरवाइजर स्वीटी ने बताया कि कानून के अनुसार लड़कियों की शादी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष और लडक़ों की 21 वर्ष निर्धारित है। उन्होंने बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 की सभी महत्वपूर्ण धाराओं की जानकारी देते हुए कहा कि बाल विवाह कराना, करवाना या इसमें किसी भी प्रकार की सहायता करना कानूनन अपराध है, जिसके लिए जिम्मेदार व्यक्तियों पर कड़ी कार्रवाई की जाती है। सुपरवाइजर ने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने गांव में होने वाले हर बाल विवाह को तुरंत विभाग को सूचित करें, ताकि समय रहते उसे रोका जा सके।



भूना। टिब्बी में निकाली गई जागरूकता रैली। फोटो : हरिभूमि



फतेहाबाद। आर्य समाज भवन में आयोजित ऋग्वेद पारायण यज्ञ में भाग लेते सदस्य।

## यज्ञ संसार का सबसे पावन कर्म : आचार्य प्रद्युम्न शास्त्री

■ आर्य समाज में ऋग्वेद पारायण यज्ञ का हुआ शुभारंभ, 14 को होगा समापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

आर्य समाज भवन, सुंदर नगर में स्वामी श्रद्धानंद जी के 100वें बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में ऋग्वेद पारायण यज्ञ का वीरवार को शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के पहले दिन यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य प्रद्युम्न शास्त्री एवं उनके साथ वेदपाठी आर्य समाज के पुरोहित दीपक शास्त्री एवं ब्रह्मचारी मनीष आर्य रहे। आचार्य प्रद्युम्न शास्त्री ने कहा कि यज्ञ इस संसार का सबसे पावन कर्म है।

संसार जिस पर टिका हुआ उसका केन्द्र बिन्दु यज्ञ ही है। उन्होंने कहा कि आज मनुष्य अपने जीवन में सत्य को खोजने के लिए जीवन पर्यन्त कर्म करता रहता है जैसे अग्नि ऊपर की ओर उठती है, वह सूर्य से मिलना चाहती है। ठीक उसी प्रकार हमारी आत्मा भी परम पिता परमेश्वर की सत्य स्वरूप को जानना चाहती है। आज के यज्ञ के यजमान सतीश चौधरी, आर्य समाज फतेहाबाद के प्रधान अरुण ग्रोवर, मास्टर रोशन लाल गोदारा एवं एकता आर्या रहें। इस यज्ञ की शोभा बढ़ाने के लिए अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**यज्ञ की शोभा बढ़ाएं**

आर्य समाज के प्रधान अरुण ग्रोवर ने बताया कि 13 दिसंबर शनिवार तक प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक तथा सांय 3 बजे से 5 बजे तक यज्ञ हवन एवं प्रवचन होंगे। कार्यक्रम का समापन 14 दिसंबर रविवार को होगा। इस दिन प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक पूर्णाहूति के बाद लंगर प्रसाद वितरण किया जाएगा। उन्होंने सभी लोगों से आग्रह किया कि चार दिवसीय 11 से 14 दिसंबर तक चलने वाली इस पारायण यज्ञ में अधिक से अधिक लोग उपस्थित होकर यज्ञ की शोभा बढ़ाएं।

## संदिग्ध परिस्थितियों में 21 वर्षीय युवक की मौत

**फतेहाबाद /रतिया।** वीरवार को शहर के राजकीय कन्या स्कूल के पास संदिग्ध परिस्थितियों एक 21 वर्षीय युवक बेहोशी की हालत में मिला सूचना मिलने पर परिजन युवक को नागरिक हॉस्पिटल में ले गए जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। युवक के परिजनों ने गंभीर आरोप लगाये कि रतिया में बड़े स्तर पर मेडिकल संचालकों और अन्य लोगों द्वारा नशा बेचा जा रहा है और युवक की मौत भी नशे के कारण हुई है युवक के कपड़ों से भी इंजेक्शन और नशे के कैप्सूल मिले हैं। सूचना मिलने पर उप पुलिस अधीक्षक संजय बिश्नोई अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए लेकिन परिजनों ने अंतिम संस्कार से इनकार करते हुए कहा कि जब तक नशा बेचने वाले मेडिकल संचालकों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो जाती तब तक वह युवक का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। परिजनों ने आरोप लगाते हुए कहा कि युवक पिछले काफी समय से नशा कर रहा था और युवक की कपड़ों से भी नशे के इंजेक्शन और कैप्सूल मिले हैं उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि रतिया क्षेत्र में पिछले काफी समय से मेडिकल संचलको और अन्य लोगों द्वारा जोरो से नशा बेचा जाता है और उसका लड़का भी नशे की चपेट में आ गया था।

## लाखों के आभूषण चोरी का आरोपी पकड़ा

■ आरोपी अमर सिंह की निशानदेही पर आभूषण बरामद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिरसा



सिरसा। लाखों रुपये के आभूषण चोरी मामले का खुलासा करते डीएसपी। फोटो : हरिभूमि

पुलिस ने सिरसा शहर के एक मकान से लाखों रुपये के आभूषण व नकदी चोरी का पर्दाफाश करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर चोरीशुदा आभूषण बरामद कर लिए हैं। डीएसपी संजीवन बल्हारा ने वीरवार को पत्रकार वार्ता में इसका खुलासा किया। डीएसपी संजीव बल्हारा ने बताया कि गोबिंद नगर निवासी हरमीत सिंह पुत्र कुलदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 9 दिसंबर को वह दोपहर के समय किसी काम के सिलसिले में घर को ताला लगाकर बाहर गया हुआ था। दोपहर करीब डेढ़ बजे वासप घर आकर देखा तो घर के मेन गेट का ताला टूटा हुआ मिला। घर में अलमारी चेक की तो उसमें से 25 तोले सोने के आभूषण, 3 अंगूठी डायमंड, 3 जोड़ी चांदी की पाजेब, 50 हजार रुपए की नगद गायब मिली, जिनकी कीमत करीब 35 लाख रुपए है ।शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरु की गई। जांच के दौरान एबीवीटी स्टाफ सिरसा की एक पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी अमर सिंह उर्फ पीके पुत्र रणजीत सिंह निवासी मोचियांवाली गली थैहड़ मोहल्ला सिरसा को गिरफ्तार कर लिया है । डीएसपी संजीव बल्हारा ने बताया कि आरोपी अमर सिंह उर्फ पीके से पूछताछ कर उसकी निशानदेही पर सोने- चांदी के आभूषण व कुछ नगदी भी बरामद कर ली है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

## खबर संक्षेप

### मकान पर जबरन कब्जा और कार से घसीटने की कोशिश करने के मामले में महिला गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** ढाणी गोपाल में खरीदी गई संपत्ति पर कब्जे की कोशिश, हमला एवं धमकी प्रकरण में पांचवीं आरोपियां कमलेश पत्नी राजेश कुमार निवासी ढाणी गोपाल को गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले इस मामले में चार आरोपी पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं। थाना भुना प्रभारी उप-निरिक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि शिकायतकर्ता संदीप कुमार पुत्र शिशपाल निवासी ढाणी गोपाल वर्तमान निवासी गुरुग्राम ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि 15 अक्टूबर को रात लगभग 10 बजे आरोपियों द्वारा घर जाकर, उसके माता-पिता के साथ गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी, तथा घर खाली करवाने का दबाव बनाया। जब पड़ोसी और परिजन इक_I हुए, तो हमलावर तेज रफ्तार से कार में बैठे और जाते समय शिकायतकर्ता के चचेरे भाई सुशील को कार से खींचकर घसीटने की कोशिश की। इस पर थाना भूना में धारा 318(4), 316(2), 61(2), 329(3), 351(2), 296, 115(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

### बिजली निगम की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाला ट्रक चालक गिरफ्तार, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** सार्वजनिक एवं सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के मामलों पर कार्रवाई करते हुए थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने बिजली निगम की संपत्ति को हुए नुकसान के प्रकरण में आरोपी ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी निरिक्षक कुलदीप सिंह ने बतलाया कि दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम फतेहाबाद के एसडीओ रीपन दीप सिंह द्वारा दी शिकायत के अनुसार 7 नवंबर को दोपहर 3:30 बजे, गांव हिजरावां खुर्द बस स्टैंड के निकट 63 केवीए ट्रांसफार्मर एलडी सिस्टम से संबंधित चार पोल ट्रक की टक्कर से टूट गए, जिससे निगम को लगभग 48,800 का नुकसान हुआ। क्षेत्र इंचार्ज साहब राम एवं लाइन स्टाफ द्वारा घटना की सूचना कार्यालय को दी गई। शिकायत के आधार पर थाना सदर फतेहाबाद में मामला दर्ज किया गया। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी रजनीश शर्मा उर्फ मोनू पुत्र पुरनचंद निवासी शक्ति नगर फतेहाबाद को गिरफ्तार किया तथा घटना में शामिल ट्रक को भी बरामद कर लिया है।

### फ्रंटलाइन कंसल्टेंसी फ्रॉड मामले में आर्थिक अपराध शाखा ने 13वें आरोपी को पकड़ा

**फतेहाबाद।** फ्रंटलाइन कंसल्टेंसी एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किए गए बड़े वित्तीय धोखाधड़ी मामले में रतिया पुलिस एवं आर्थिक अपराध सेल फतेहाबाद ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 13वें आरोपी मनजिन्द्र सिंह उर्फ बिंदू बाबा पुत्र सुखदेव सिंह निवासी सहनाल को गिरफ्तार किया है। आर्थिक अपराध शाखा प्रभारी निरिक्षक सन्दीप सिंह ने बताया कि पीड़ित अमरीक सिंह निवासी गांव सहनाल द्वारा थाना सदर रतिया में दी शिकायत में आरोप लगाया गया था कि गांव सहनाल में संचालित फ्रंटलाइन कंसल्टेंसी एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के संचालक डॉ. सुखदेव सिंह और उसके एजेंटों ने लोगों को एक महीने में राशि दोगुनी करने का लालच देकर करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी की है। शिकायतकर्ता के अनुसार, 18 जनवरी को कंपनी के एजेंट उसके घर पहुंचे और लालच देकर उससे 3 लाख रुपये नकद ले लिए। पैसे उसके, उसकी माता तथा पिता के नाम पर कंपनी में निवेश करवाए गए और रसीदें भी जारी की गई। लगभग ढाई महीने बाद भी कोई राशि न मिलने पर शिकायतकर्ता कई बार कंपनी कार्यालय गया, जहां उसके साथ गाली-गलौच की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। शिकायत के आधार पर थाना सदर रतिया में मामला दर्ज किया गया।

### अशोक बने पुस्तक व स्टेशनरी विक्रेता संगठन के प्रधान

**सिरसा।** जिला पुस्तक व स्टेशनरी विक्रेता संगठन की बैठक हुई। बैठक में विचार विमर्श के पश्चात सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से अशोक कुमार गुप्ता को प्रधान, यशपाल भारद्वाज को महासचिव, भारतेंद्र बंसल को उपप्रधान, मन्नू स्वामी को उपप्रधान, गोविंद वर्मा को उपप्रधान, राजकुमार राजू को कोषाध्यक्ष, तनुज सिंगला को संगठन मंत्री, सुशील कुमार गुप्ता व राजेश वधवा को संगठन मंत्री, सुकांत मोंगा व नवनीत सेठी को सहायक मंत्री बनाया गया। इसके अलावा सर्वसम्मति से गुरमीत धींगड़ा को मुख्य सलाहकार, राजेश सरदाना को संरक्षक, सतीश जिंदल व विजय कुमार राजौरा को संरक्षक, राजेंद्र व संजय मेहता को सलाहकार बनाया गया।

### बैंक कर्मचारी पर किसान से ठगी का आरोप, संगठन ने ज्ञापन सौंपा

**रतिया।** एक किसान अपने खाते से 9 लाख रुपये अपने रिश्तेदार के खाते में ट्रांसफर कराने हेतु आवश्यक फॉर्म भरकर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की शाखा में जमा करवाकर गया था। बैंक कर्मचारी की लापरवाही या मिलीभगत के चलते यह राशि किसी अन्य खाते में ट्रांसफर कर दी गई, जिससे किसान को भारी आर्थिक नुकसान हुआ। इस गंभीर धांधली के विरोध में आज भारतीय किसान यूनियन (एकता उगराहाँ) की टीम ने संबंधित शाखा के बैंक मैनेजर को लिखित शिकायत सौंपी और इस पूरे मामले की त्वरित एवं निष्पक्ष जांच की मांग की। किसान यूनियन ने कहा कि बैंक जैसे विश्वसनीय संस्थान में कर्मचारी द्वारा ऐसी कार्रवाई बेहद चिंताजनक है और किसान की मेहनत की कमाई के साथ की गई यह धोखाधड़ी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शिकायत प्राप्त करने के बाद बैंक मैनेजर ने यूनियन को आश्वासन दिया कि सोमवार तक किसान की समस्या का समाधान किया जाएगा और संबंधित कर्मचारी के खिलाफ उचित कार्रवाई करते हुए राशि किसान को वापस दिलाई जाएगी। किसान यूनियन ने ने चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर समाधान नहीं किया गया, तो संगठन को आंदोलनात्मक कदम उठाने पड़ेंगे।




रतिया। बैंक अधिकारी से मिलने पहुंचे किसान। फोटो : हरिभूमि

### सुरक्षा वापस लेने पर दिग्विजय चौटाला भड़के, बोले

## डीजीपी पब्लिक सर्वेंट, कर रहे तानाशाही

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिरसा



जननायक जनता पाटी के युवा प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा कि बीती 7 दिसंबर को जुलाना में जेजेपी की स्थापना रैली की सफलता से बौखलाई व घबराई भाजपा सरकार ने जेजेपी नेताओं की सुरक्षा वापस ले ली जिससे प्रतीत होता है कि प्रदेश के डीजीपी एक सामान्य सेवक की तरह नहीं बल्कि तानाशाह के तौर पर कार्य कर रहे हैं। दिग्विजय वीरवार को सिरसा में मीडिया से रूबरू हो रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के डीजीपी ओपी सिंह को आज आमजन की सुरक्षा की चिंता नहीं है और वे सरकार के इशारे पर काम कर रहे हैं। दिग्विजय सिंह चौटाला ने अपराधों का रिकॉर्ड प्रस्तुत करते हुए कहा कि अपराध के मामले में हरियाणा आज पूरे देश में चौथे स्थान पर आ गया है। उन्होंने राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि प्रदेश में अपहरण के मामले निरंतर बढ़ रहे हैं। इसी कड़ी में वर्ष 2021 में अपहरण के 3554 मामले दर्ज किए गए जबकि वर्ष 2023 में ये आंकड़ा 4149 तक पहुंच गया। आज भी लगातार इन मामलों में निरंतर बढ़ौतरी हो रही है और पुलिस प्रशासन पूरी तरह से उदासीन बना हुआ है।

### प्रो. रणजीत कौर को अतिरिक्त कार्यभार सौंपा

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के कुलपति प्रो. विजय कुमार ने शिक्षा विभाग की प्रो. रंजीत कौर को श्री गुरु तेगबहादुर रिसर्च चेयर का निदेशक तथा पंजाबी विभाग के प्राध्यापक गुरसाहिब सिंह को उपनिदेशक नियुक्त किया है। कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार द्वारा अधिसूचना जारी की गई। प्रो. विजय कुमार ने कहा कि ये नियुक्तियां श्री गुरु तेग बहादुर के जीवन, दर्शन, बलिदान और मानवीय मूल्यों पर आधारित उत्कृष्ट शोध, अकादमिक गतिविधियों और प्रकाशनों को नई दिशा प्रदान करेंगी तथा विश्वविद्यालय में शोध संस्कृति को और सुदृढ़ बनाएंगी। उन्होंने कहा कि यह रिसर्च चेयर राष्ट्रीय स्तर पर भी उल्लेखनीय पहचान स्थापित करेगी और पंजाबी विरासत, सिख इतिहास एवं गुरु परंपरा से जुड़े अध्ययन और सांस्कृतिक पहलुओं को नया आयाम देगी। उल्लेखनीय है कि प्रो. रंजीत कौर एक कुशल एवं अनुभवी शिक्षाविद् हैं, जिन्होंने एमएससी, एमएड एवं पीएचडी की उपाधियां प्राप्त करने के साथ-साथ यूजीसी-नेट एवं जेआरएफ भी उत्तीर्ण किया है।

**धर्म-कर्म** नाढोड़ी में श्री धेनु मानस गोकथा का दूसरा दिन सम्पन्न, श्रद्धालु हुए भाव-विभोर

## गोसेवा से मनुष्य को पुण्य, शांति और आनंद की प्राप्ति होती है : मधु

कथा का आरंभ मंगलाचरण एवं मंत्र के साथ हुआ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भूना

श्री कृष्ण गौशाला सेवा समिति नाढोड़ी के तत्वावधान में आयोजित श्री धेनु मानस गौ कथा के दूसरे दिन गुरुवार को श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या ने पहुंचकर कथा श्रवण किया। कथावाचक डॉ. मधु बिश्नोई ने गौ माता की दिव्य महिमा, उनके आध्यात्मिक महत्व और भगवान श्रीकृष्ण की गौ-सेवा से संबंधित प्रसंगों को भावपूर्ण शैली में प्रस्तुत किया। कथा का आरंभ मंगलाचरण एवं गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ हुआ।





भूना। श्री धेनु मानस गौ कथा के दूसरे दिन कथा सुनाते डॉक्टर मधु बिश्नोई व उपस्थित श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

डॉ. मधु बिश्नोई ने बताया कि 'श्री धेनु मानस गौ कथा' वेदों और पुराणों में वर्णित गाय की महिमा पर आधारित है, जिसमें गाय को सृष्टि का आधार, धर्म का प्रतीक और देवताओं का निवास बताया गया है। उन्होंने कहा कि गाय के प्रति सेवा, श्रद्धा और संरक्षण भारतीय संस्कृति की मूल धारा है और इसी भाव को जनमानस तक पहुंचाने के लिए यह कथा 16 दिसंबर तक आयोजित की जा रही है।

**दया का महत्व बताया**

उन्होंने बताया कि गौ कथा मात्र धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि समाज में गौ-रक्षा, पर्यावरण संरक्षण और जीवों के प्रति संवेदनशीलता का संदेश भी देती है। डॉ. बिश्नोई ने श्रद्धालुओं को गौ माता की महिमा से जुड़े दोहे, चौपाइयां और संत वचनों के माध्यम से मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि गाय के प्रति किए गए प्रत्येक सेवा भाव से मनुष्य के जीवन में सकारात्मकता, स्वास्थ्य और आध्यात्मिक बल बढ़ता है।

### नवोदय स्कूल की प्रवेश परीक्षा कल

**फतेहाबाद।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, खारा खेड़ी में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 13 दिसंबर को होगी। प्राचार्य अनूप सिंह ने अभ्यर्थियों को अवगत करवाते हुए बताया कि फतेहाबाद ब्लॉक के परीक्षा केंद्र सीनियर सैकेंडरी मॉडल स्कूल, मॉडल टाउन, गीता मंदिर रोड, फतेहाबाद में गलती से रतिया प्रिंट हो गया है जबकि वह रतिया रोड फतेहाबाद है और यह परीक्षा केंद्र फतेहाबाद में ही स्थित है। उल्लेखनीय है कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्रवेश के लिए होने वाली चयन परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र नवोदय विद्यालय समिति के द्वारा जारी कर दिए गए हैं। प्रवेश पत्र वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। यह चयन परीक्षा 13 दिसंबर को सुबह 11.30 बजे से 1.30 बजे तक सभी खंड मुख्यालयों पर आयोजित की जाएगी, जिसमें कुल 3224 विद्यार्थी पंजीकृत है।

**खबर संक्षेप**

### हकृवि कुलपति को पितृ शोक, गांव में किया संस्कार

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज के पिताजी धर्म सिंह का वीरवार को स्वर्गवास हो गया। वे लगभग 79 वर्ष के थे। धर्म सिंह एक सरल स्वभाव के व्यक्ति थे। उनके निधन का समाचार सुनकर विश्वविद्यालय परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। गांव संगोहा में उनके पैतृक निवास स्थान पर विश्वविद्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों और आसपास के गांवों के बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी।

### प्रशासनिक अधिकारियों ने सुनीं जन समस्याएं

**हिसार।** लघु सचिवालय परिसर स्थित जिला सभागार में प्रशासनिक अधिकारियों ने समाधान शिविर में जन समस्याएं सुनी। उपस्थित अधिकारियों को आमजन की समस्याओं के प्रभावी समाधान को लेकर सख्त निर्देश दिए। शिविर में प्रार्थी हरपिंदर द्वारा हाउस टैक्स को दुरुस्त करवाने की शिकायत पर नगर निगम विभाग के अधिकारियों को प्रार्थी के समक्ष आ रही समस्या को दूर करने के निर्देश दिए। गांव मंगाली निवासियों ने मंगाली से रावत खेड़ा तक बनाए गए नए रोड के टूटने की शिकायत दी।

### साधकों ने केक काटकर मनाया ओशो जन्मोत्सव

**हिसार।** देश-दुनिया के करोड़ों लोगों के प्रणेता सतगुरु ओशो का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। ओशो ध्यान उपवन में साधकों ने केक काटकर और नाचते व झूमते हुए ओशो की देशनाओं को अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर स्वामी सच्चिदानंद, स्वामी संजय व मां सांची सहित काफी संख्या में साधक उपस्थित रहे। सिरसा रोड स्थित ओशो ध्यान उपवन के मनोरम व प्राकृतिक वातावरण में दो दिवसीय मेडिटेशन कैंप का आयोजन भी किया गया।

### सरकारी स्कूल में छात्रों को स्वेटर्स बांटी

**हिसार।** रोटरी सैंट्रल हिसार क्लब की ओर से ठंड के इस मौसम में स्वेटर वितरण के दूसरे कैंप में गवर्नमैंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल मुकलान में जाकर स्कूल के बच्चों को 52 स्वेटर भेंट किए गए। रोटरी सैंट्रल का इन सर्दियों में यह दूसरा कैंप रहा। प्रो. हरीश जुनेजा एवं रो. रवि महता ने बच्चों को अच्छी शिक्षा लेने के उद्देश्य को समझाते हुए जीवन में आगे बढने की प्रेरणा दी। इस कार्यक्रम में प्रधान सुनील मलिक, सचिव रवि महता, राकेश महता प्रोजेक्ट चेयरमैन, नवीन खुराना को-प्रोजेक्ट चेयरमैन, प्रो. हरीश जुनेजा, प्रो. प्रेम प्रकाश तनेजा, विकास ठकराल, एसके महता आदि मौजूद रहे।

### हकृवि के कैंपस स्कूल ने मनाया वार्षिकोत्सव

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस स्कूल द्वारा वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह एवं एथलेटिक्स मीट डे-2025 का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के गिरी सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि रहे जबकि कैंपस स्कूल की निदेशिका श्रीमती संतोष कुमारी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कुलपति ने वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह के तहत बोर्ड की परीक्षाओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल/नगद राशि देकर सम्मानित किया।

### कांग्रेस नेता राजेश संदलाना के पिता का निधन

**बरवाला।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं एआईसीसी सदस्य राजेश संदलाना के पिता पूर्व सरपंच मंगल सिंह संदलाना का आकस्मिक निधन हो गया है। उनका पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव संदलाना लाया गया, जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। मंगल सिंह संदलाना अपनी सादगी, समाजसेवा और जनता के प्रति समर्पित जीवन के कारण क्षेत्र में अत्यंत सम्मानित थे। राजेश संदलाना ने कहा कि शोक सभा गांव संदलाना स्थित उनके निवास स्थान पर की जाएगी।

ग्रीन हिसार फिट हिसार टीम ने शादी को इको फ्रेंडली बनाया

# विवाह में स्टील के बर्तन व मेलामाइन क्रॉकरी का प्रयोग कर बनाया कीर्तिमान

**शादी में एक भी प्लास्टिक के गिलास, कप, चम्मच और बाउल्स नहीं किया प्रयोग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

ग्रीन हिसार फिट हिसार टीम ने एक और नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए संस्था के सदस्य राजेंद्र की बिटिया यशिका का विवाह जयकरण के साथ करके इस शादी को इको फ्रेंडली बनाया। जहां एक तरफ शादियों में आपको प्लास्टिक के गिलास कप चम्मच और बाउल्स प्रयोग होते दिखते हैं, वहीं इस शादी में एक भी प्लास्टिक के बर्तन और पॉलिथीन का प्रयोग नहीं किया गया। सभी तरह के बर्तन स्टील और मेलामाइन क्रॉकरी के इस्तेमाल किए गए।

**2600 स्टील के बर्तनों का सेट उपलब्ध**

ग्रीन हिसार फिट हिसार टीम जिनके पास 2600 स्टील के बर्तनों का सेट है और शहर के सभी बड़े प्रोग्राम जिसमें अत्यधिक मात्रा में सिंगल यूज प्लास्टिक जनरेट होता है, वहां फ्री उपलब्ध करवाए जाते हैं। अब इस शादी के दौरान ग्रीन हिसार फिट हिसार टीम ने शादियों में प्रयोग होने वाले प्लास्टिक के बाउल्स की जगह मेलामाइन क्रॉकरी के बाउल्स अपने बर्तन बैंक में शामिल कर लिए हैं जो पूरे शहर में होने वाले सभी आयोजनों में निःशुल्क दिए जाएंगे। कोई भी अपने यहां होने वाले फंक्शन में स्टील और मेलामाइन के बर्तन फ्री ले जा सकता है।


**हिसार।** यशिका व जयकरण के विवाह के मौके पर उपस्थित ग्रीन हिसार फिट हिसार टीम के परिवार सहित सभी सदस्य।

**डिस्पोजल व बाउल्स के अल्टरनेट की थी डिमांड**

ग्रीन हिसार फिट हिसार टीम के संचालक डॉ.रमेश भाटी ने बताया कि काफी समय से लोगों की डिमांड थी कि शादियों में प्रयोग होने वाले डिस्पोजल व बाउल्स का कोई अल्टरनेट होना चाहिए। इस बार 3600 मेलामाइन के बाउल्स प्लास्टिक के बाउल्स के स्थान पर बर्तन बैंक में शामिल कर दिए हैं और आगे आवश्यकता पड़ने पर और मेलामाइन के बर्तन भी खरीदे जाएंगे ताकि हम पूरे शहर और देश को प्लास्टिक मुक्त बना सकें। बस अब जिम्मेवारी शहर वासियों की है कि वह इस मुहिम में सहयोग करे।


**हिसार।** विवाह समारोह के दौरान मेज पर लगे स्टील के बर्तन व मेलामाइन क्रॉकरी, डिब्बों में पैक मेलमाइन क्रॉकरी उतारते हुए। फोटो :हरिभूमि

**यह रहे उपस्थित**

यशिका व जयकरण की शादी अपने आप में अनूठी शादी थी क्योंकि इस शादी में प्लास्टिक का प्रयोग नहीं किया गया और पूरी शादी जीरो वेस्ट पर की गई। विवाह के मौके पर डॉ. रमेश भाटी, राजेंद्र सिंह, देवेंद्र रोहिल्ला, चंद्रकांत स्वामी, जय भगवान शर्मा, कृष्ण शर्मा, सुंदर सैनी, चिराग, कुलवंत खत्री, गौतम, दयानंद, नीरज वर्मा, रमन सैनी, नरसिंह सैनी, नितिन बंसल, महेंद्र भाटिया, भारत भाटिया, शंकर, कपिल सैनी, मनोज सैनी, सरिता पाल, सुनीता सैनी, रंजीता, पुष्पा, मीनाक्षी सैनी, अजय वर्मा, सुरेंद्र वर्मा, जगतार सिंह, प्रीतम वर्मा आदि मौजूद रहे।

# गुरुद्वारे के हेड ग्रंथी से मारपीट पगड़ी फेंकी, दाड़ी नोच डाली

- हेड ग्रंथी ने पुलिस को दी शिकायत, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

शहर थाना क्षेत्र में गुरुद्वारे के हेड ग्रंथी की पगड़ी उतारकर उससे मारपीट करने व दाढ़ी नोंचने का मामला सामने आया है। भाई जीवन सिंह गुरुद्वारे के मुख्य सेवादार सरदार चरण सिंह ने डोगरान मोहल्ला पुलिस चौकी में शिकायत दी है, जिस पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में चरण सिंह ने बताया कि उसकी भतीजी सुनती मेरे पड़ोस में विवाहित है, जो अपना मकान बना रही हैं। उसके पड़ोसी उसे तंग व परेशान कर रहे हैं। इसके बारे में 10 दिसंबर को सब्जी मंडी चौकी में शिकायत दी हुई है। गुरुवार सुबह जब मकान में मिस्त्री आए तो पड़ोसियों ने दरवाजा नहीं खोलने दिया। इसके बाद वह भतीजी को गालियां निकालने लगे। मेरी पत्नी ने कहा कि बाहर लड़ाई हो रही है। मैं पाठ कर रहा था। इसके बाद मैं जैसे ही बाहर गया तो मैं समझाने लगा इतने में मेरे ऊपर जयगोपाल, सतीश, कुलदीप व अन्य ने हमला कर दिया। मेरी पगड़ी उतारकर पैरों से उछाल दी।


**हिसार।** डोगरान मोहल्ला चौकी में शिकायत देने पहुंचे पीड़ित।

# ‘युवा वैज्ञानिक’ और ‘श्रेष्ठ प्रस्तुति’ पुरस्कारों से नवाजे वैज्ञानिक व छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

- लुवास ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर रचा इतिहास

लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी उत्कृष्टता साबित करते हुए उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। विश्वविद्यालय की सहायक प्रोफेसर डॉ. अनिका मलिक धुंधवाल को भुवनेश्वर में आयोजित द्वितीय अंतरराष्ट्रीय विस्तार शिक्षा कांग्रेस 2025 में युवा वैज्ञानिक पुरस्कार और सर्वश्रेष्ठ मौखिक प्रस्तुति पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

डॉ. अनिका ने ‘सतत भविष्य के लिए पशुधन प्रथाओं में क्रांति लाना’विषय पर प्रस्तुतीकरण किया, जिसमें जलवायु-अनुकूल पोषण, पुनर्योजी चराई, डिजिटल तकनीकों और कल्याण-केंद्रित प्रथाओं के माध्यम से उत्सर्जन घटाकर उत्पादकता बढ़ाने के नवाचार प्रस्तुत किए। विभाग के स्नातकोत्तर छात्रों ने भी सम्मेलन में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन दर्ज कराया जिसमे डॉ. कीर्ति को ‘इको स्मार्ट लाइवस्टॉक—सतत विकास के साथ प्रौद्योगिकी का संतुलन’विषय पर सर्वश्रेष्ठ पोस्टर प्रस्तुति पुरस्कार मिला व डॉ. आस्तिक कादियान को ‘जिम्मेदार पर्यावरणीय सहभागिता के लिए डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देना’विषय पर उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए सर्वश्रेष्ठ पोस्टर प्रस्तुति पुरस्कार प्रदान किया गया।


**हिसार।** पुरस्कारों से नवाज़े गए वैज्ञानिक एवं छात्र कुलपति प्रो. विनोद कुमार वर्मा के साथ। फोटो :हरिभूमि

# लुवास में हुई शिक्षकों की पदोन्नति एवं नए विभागाध्यक्षों की नियुक्ति

- कुलपति प्रो. विनोद कुमार वर्मा ने जारी किए आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

लाला लाजपत राय पशु-चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) के कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा ने विश्वविद्यालय में शैक्षणिक व प्रशासनिक स्तर पर महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए कई शिक्षकों की पदोन्नति तथा नए विभागाध्यक्षों की नियुक्ति के आदेश जारी किए हैं। पर्सनेल कमेटी एवं बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट की बैठक में पारित प्रस्तावों के अनुसार कैरियर उन्नति योजना के तहत विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में कार्यरत शिक्षकों को उच्च पदों पर पदोन्नत किया गया है। इनमें डॉ. राजेश को वेटरनरी माइक्रोबायोलॉजी विभाग में प्रिंसिपल साइंटिस्ट (स्टेज-4) तथा डॉ. दिनेश मित्तल को वेटरनरी पब्लिक हेल्थ एवं एपिडेमियोलॉजी विभाग में प्रोफेसर (स्टेज-5) के रूप में पदोन्नति प्रदान की गई है। इसी प्रकार कैरियर उन्नति योजना के अंतर्गत डॉ. स्वाति दहिया, डॉ. रमेश कुमार तथा डॉ. हरप्रीत सिंह को स्टेज-चार में पदोन्नत किया गया है।


**हिसार।** नए विभागाध्यक्षों के साथ कुलपति प्रो. विनोद कुमार वर्मा।

# खेतों से पानी की निकासी को लेकर किया प्रदर्शन

- **चेतावनी :** 15 तक खेतों से पानी निकासी नहीं हुई तो रैली में सीएम को दिखाएंगे काले झंडे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

मुख्यमंत्री की 16 दिसंबर को प्रस्तावित विकास रैली से कुछ दिन पहले ग्रामीणों का रोष खुलकर सामने आ गया। गांव ढाणी पिरान, ढाणी कुम्हारान और ढाणा खुर्द के किसानों ने पिछले चार महीनों से खेतों में खड़े बरसाती पानी की निकासी की मांग को लेकर गुरुवार को सरकार व प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की।

विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे ग्रामीण सुरेंद्र वर्मा ने प्रशासन पर लापरवाही व भेदभाव का आरोप लगाते हुए कहा कि ढाणी कुम्हारान के आसपास के तीन गांवों की करीब 500 एकड़ खेती योग्य भूमि पिछले चार महीनों से जलमग्न है और किसानों की सारी फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं। वर्तमान में खेतों में खड़े बरसाती पानी के चलते रबी सीजन की फसलों की बिजाई भी संभव नहीं लग रही है। जब किसान के खेतों में फसल ही नहीं होंगी तो वह अपने परिवार का पालन पोषण कैसे कर पाएगा। प्रदर्शन कर रहे किसानों ने कहा कि यदि प्रशासन ने 15 दिसंबर तक खेतों में खड़े बरसाती पानी की निकासी नहीं की तो उन्हें मजबूरन सीएम के कार्यक्रम का बहिष्कार कर उनको काले झंडे दिखाएंगे। ग्रामीणों ने बताया कि खेतों में खड़े बरसाती पानी निकासी के लिए सिंचाई विभाग द्वारा जो पाइपलाइन बिछाई गई थी, वह पूरी तरह जर्जर और कंडम हो चुकी है। और बरसाती पानी की निकासी के लिए चार महीनों पहले लगाई मोटर आज तक एक दिन भी नहीं चलाई गई है।


**हांसी।** खेतों में खड़े बरसाती पानी की निकासी की मांग को लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

**शिकायत पर अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान**

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि चार महीनों से खेतों में खड़े बरसाती पानी की निकासी की मांग को लेकर वे कई बार विधायक विनोद भयाना व अधिकारियों से मिल चुके हैं लेकिन उनकी किसी भी स्तर पर कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उन्हें प्रत्येक अधिकारी द्वारा जल्द समाधान करवाने का आश्वासन देकर वापस भेज दिया जाता है। लेकिन बरसात के बाद से आज तक उनके खेतों में पानी जस का तस खड़ा हुआ है।

# गुजवि ने ओपन लर्निंग प्लेटफॉर्म आस्ट्रेलिया के साथ की बैठक

- दोनों संस्थानों में शोध व शिक्षण में मिलकर कार्य करने पर बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान को और अधिक मजबूत करने तथा अपने विद्यार्थियों व शोधार्थियों को वैश्विक स्तर पर शोध व अध्ययन के अवसर प्रदान करने के लिए आस्ट्रेलिया के एक प्रतिष्ठित संस्थान के साथ ऑनलाइन बैठक की है। बैठक की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई ने की। ऑनलाइन बैठक में आस्ट्रेलिया के ओपन लर्निंग प्लेटफॉर्म संस्थान के सीईओ एडम ब्रीमों ने संस्थान की ओर से प्रस्तुति दी। कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई ने इस अवसर पर कहा कि गुजवि अंतराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान को लगातार मजबूत कर रहा है। वैश्विक स्तर के प्रतिष्ठित संस्थान गुजवि के साथ अपनी भागीदारी बढ़ाना चाहते हैं। ओपन लर्निंग प्लेटफार्म आस्ट्रेलिया के साथ भी विश्वविद्यालय की अत्यंत सार्थक वार्ता हुई है। इस वार्ता के शीघ्र ही सकारात्मक परिणाम आएंगे।


**हिसार।** ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफार्म आस्ट्रेलिया के ऑनलाइन बैठक में उपस्थित कुलपति नरसीराम बिश्नोई तथा अन्य।


**हिसार।** कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई के साथ खेलो इंडिया खेलों के पदक विजेता खिलाड़ी।

### ‘खेलो इंडिया’ खेलों के पदक विजेता खिलाड़ियों ने कुलपति से की मुलाकात

**हिसार।** हाल में ही राजस्थान में हुए ‘खेलो इंडिया’खेल प्रतियोगिताओं में गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। इन खेलों के विजेता खिलाड़ियों ने कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई से मुलाकात की। खेल विभाग के अधिष्ठाता प्रो. आशीष अग्रवाल ने बताया कि इन खेलों में देश भर के 350 चुनिंदा विश्वविद्यालयों ने भाग लिया। इनमें गुजवि ने ओवरआल 53वीं रैंक हासिल की। कुलपति से मुलाकात करने वाले खिलाड़ियों में बॉक्सिंग के स्वर्ण पदक विजेता अंकित, कुश्ती के कांस्य पदक विजेता सुमित कुमार, बॉक्सर मंदीप कुमार व साहिल के अतिरिक्त शूटिंग टीम के खिलाड़ी प्रशांत, हर्ष सिंह तथा दीपांशु शामिल थे। शूटिंग टीम ने ओवरऑल चौथा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर खेल निदेशक डॉ. एसबी लूथरा, शूटिंग कोच बिमला देवी, कबड्डी कोच सुरेश कुमार तथा बॉक्सिंग कोच अमित कुमार भी उपस्थित रहे।

# टाटा 1 एमजी लैब की बड़ी पहल

- स्वदेशी मेले में फ्री रक्त जांच शिविर का आयोजन
- शुगर, कोलेस्ट्रॉल, यूरिक एसिड व कैल्शियम की होगी फ्री जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

दिन प्रतिदिन मधुमेह की बिमारी एक विकराल समस्या का रूप लेते जा रहा है और भारत इसकी राजधानी हो गई है। क्योंकि विश्व में सर्वाधिक शुगर के मरीज अपने देश में पाये जा रहे हैं। बढ़ते मरीजों को देखते हुए टाटा 1 एमजी लैब द्वारा मधुमेह जागरूकता सप्ताह का आयोजन करने जा रहा हैं। पुराना राजकीय कॉलेज मैदान में 12 दिसम्बर से 16 दिसम्बर तक लगने वाले स्वदेशी मेले में टाटा 1एमजी लैब शुगर फास्टिंग, शुगर रैंडम, कोलेस्ट्रॉल, यूरिक एसिड और कैल्सियम की फ्री जांच करेगा। इसके साथ साथ अन्य टेस्टों पर भी सत्तर प्रतिशत तक की छूट प्रदान करेंगी।

संचालक परमवीर न्योलिया ने बताया कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम समय की जरूरत है। हेल्थ चैकअप कैंप में फ्री रक्त जांच का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति को उसके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना हैं। यदि हम सही समय पर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो जाते हैं तो अपने खानपान व दिनचर्या में परिवर्तन लाकर गंभीर बीमारी से बच सकते हैं। आज स्वस्थ आहार, व्यायाम और जीवनशैली मे सुधार लाना हर व्यक्ति की जिम्मेदारी हैं। उन्होंने बताया की फ्री हेल्थ चैकअप कैंप का फायदा सेक्टर तेरह की टाटा 1एमजी लैब से भी उठा सकते हैं।

महिला सुरक्षा से जुड़े प्रावधानों की जानकारी दी

# साइबर युग में महिलाओं के लिए जागरूकता जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा राज्य महिला आयोग महिलाओं की सुरक्षा, अधिकारों की जागरूकता और साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए निरंतर व्यापक स्तर पर कार्य कर रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया द्वारा पीएमश्री सीनियर सेकेंडरी स्कूल गांव गंगवा में आयोजित लीगल अवेयरनेस एवं साइबर क्राइम अवेयरनेस कार्यक्रम में शिरकत कर कार्यक्रम को संबोधित किया। अपने संबोधन में चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने घरेलू हिंसा अधिनियम, महिला उत्पीड़न से संबंधित कानून, पॉक्सो एक्ट, डायल 1091 एवं 181 हेल्पलाइन, तथा महिला सुरक्षा से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों की जितनी अधिक जानकारी होगी, वे उतनी ही सशक्त और सुरक्षित बन सकेंगी। उन्होंने बढ़ते साइबर अपराधों पर चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि आज के डिजिटल समय में युवा वर्ग साइबर ठगों का निशाना बन रहा है। फर्जी कॉल, ओटीपी फ्रॉड, सोशल मीडिया ब्लैकमेलिंग, पहचान की चोरी और फिशिंग जैसे मामलों से बचने के लिए सतर्कता और जागरूकता अनिवार्य है।


**हिसार।** लीगल एवं साइबर अवेयरनेस कार्यक्रम के दौरान उपस्थित चेयरपर्सन रेनू भाटिया। फोटो :हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी मंजु राणा, जिला बाल संरक्षण अधिकारी बबीता चौधरी, स्कूल के प्रिंसिपल ओमप्रकाश डाबला, प्रिंसिपल अजय, बीईओ अजय कुमार, लीलुराम गंगवा, एसएमसी प्रधान मीना, मास्टर कुलदीप, रेनु, शीतल, सोनू, सुरेश, पवित्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय लोक अदालत कल, विभिन्न बेंच की जिम्मेदारियां निर्धारित

- लोक अदालत में 7 बेंच अलग-अलग मामलों की सुनवाई करेंगी

**हिसार।** हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण के निर्देशानुसार 13 दिसंबर को न्यायिक परिसर हिसार एवं हांसी में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि लोक अदालत में 7 बेंच अलग-अलग मामलों की सुनवाई करेंगी। इनमें न्यायाधीशों के द्वारा लोगों के लंबित मामलों का निपटारा किया जाएगा।

**न्यूज डायरी**

### प्रशिक्षण महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ाने व स्वावलंबन की दिशा में मजबूत कदम : डॉ. शर्मा

**हिसार।** केंद्रीय भैंस अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ. यशपाल शर्मा ने कहा है कि मनुष्य अपनी प्रतिभा के बल पर जीवन में कोई भी लक्ष्य हासिल कर सकता है। हर व्यक्ति में प्रतिभा होती है, वह अपनी प्रतिभा को निखारे और जीवन में सफलता प्राप्त कर देश व समाज को प्रगति के पथ पर अग्रसर करे। डॉ. यशपाल शर्मा लुदास गांव में चल रहे 15 दिवसीय सिलाई एवं कटिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रतिभागियों व ग्रामीणों को सम्बोधित कर रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन पंजाब नैशनल बैंक कृषक प्रशिक्षण केंद्र सच्चाखेड़ा जींद द्वारा

### दो एमबीए छात्रों का कंपनी मेवरिक्स एजुकेशन में चयन

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के एमबीए कार्यक्रम के दो छात्रों का मेवरिक्स एजुकेशन कंपनी में ई-कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान सफलतापूर्वक चयन हुआ है। यह प्लेसमेंट ड्राइव विश्वविद्यालय के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित की गई थी। चयनित छात्रों को बधाई देते हुए कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने उनके इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया। सहायक निदेशक (प्लेसमेंट) डॉ. आदित्य वीर सिंह ने बताया कि इस चयन प्रक्रिया में एमबीए जनरल के निखिल तथा एमबीए बिजनेस एनालिटिक्स की कुसुम का चयन 5.5 लाख रुपये वार्षिक पैकेज पर बिज़नस डिवेलपमेंट एसोसिएट के रूप में किया गया है। उन्होंने प्लेसमेंट ड्राइव के कुशल समन्वय के लिए एमबीए फाइनेंस की छात्रा पूनम के प्रयासों की भी प्रशंसा की।